Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to appoint technically educated youth under Skill Development programme to operate and manage water tanks in villages to implement 'Har Ghar Nal' Scheme in an adequate manner.

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): सभापति महोदय, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना – हर घर नल द्वारा जल पहुंचाने की योजना के अंतर्गत सरकार देश की सभी ग्राम सभाओं में बनी या निर्माणाधीन पानी की टंकियों को बनाकर ग्राम सभाओं को सुपुर्द कर रही है।

महोदय, आपको अवगत कराना है कि ग्राम सभाओं के पास कोई प्रशिक्षित टेक्निशियन न होने के कारण इन टंकियों का रखरखाव और पानी का सुचारु रूप से संचालन नहीं हो पा रहा है। मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर में पानी की बहुत सारी टंकियां इसी वजह से चालू नहीं हो पा रही हैं। साथ ही, पानी की बहुत सारी टंकियां विगत कई वर्षों से बन्द पड़ी हैं, जिनकी कोई सुध लेने वाला नहीं है।

इससे आम जन को अत्यंत कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। मेरा क्षेत्र हैवी मैटल पानी का क्षेत्र है। पानी की टंकियों के सुचारू रूप से न चल पाने के कारण सभी लोग हैवी मैटल युक्त पानी पीने के लिए मजबूर हैं। … (व्यवधान)

मैं इस सदन के माध्यम से माननीय जल शक्ति मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि इस गम्भीर विषय पर ध्यान देते हुए, अपने स्तर से प्रत्येक ग्राम सभा में कौशल विकास के द्वारा प्रशिक्षित टैक्निशियन युवाओं की भर्ती की जाए, जिससे रोजगार का भी सृजन होगा और कौशल विकास के द्वारा हमारे नौजवानों को रोजगार भी मिलेगा। धन्यवाद। … (व्यवधान)

माननीय सभापति : आपको जन्मदिन की शुभकामनाएं।

… (व्यवधान)